Con. 467 (a)–09. **(REVISED COURSE)** **NP–2833**

(3 Hours) **[Total Marks : 100**

सूचना :(१) **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं।

(२) **उत्तर पुस्तिका** पर प्रश्न क्रमांक/उप प्रश्न क्रमांक **अवश्य** लिखिए ।

(३) **आई.डी.ई. (पत्राचार)** के विद्यार्थी उत्तर पुस्तिका के **मुख्य** पृष्ठ पर **आई.डी.ई. (पत्राचार) अवश्य** लिखिए।

१. निम्नलिखित अवतरणों की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए :- २७

(क) दरियों में दबे हुए धागो उठो
उठो कि कहीं कुछ गलत हो गया है
उठो कि इस दुनिया का सारा कपड़ा
फिर से बुनना होगा ।

अथवा

कई बार
उसकी भूकम्प सी चुप्पी
मुझे अस्तव्यस्त कर देती है ।

(ख) यहाँ तो भूख का रावण, गरीबी का मेघनाद और मूर्खता का कुम्भकर्ण पूरे जोर पर हैं रामराज्य तो दूर है । श्रमिक देवता खून दे-देकर क्षीण प्राण हो रहे हैं । पूरी दुनिया लंका हो गयी है।

अथवा

कैसा कठिन समय था । पर दृढ़ता सब विपदों को जीत लेती है, सब कठिनाइयों को सुगम कर देती है ।

(ग) "किसी आतंकवादी के हाथ से मरवा दो । आतंकियों का काम ज्यादा सुथरा होता है, उनका निशाना भी अचूक बैठता है । उस में कोई झंझट नहीं होगा और मुआवजा इससे भी ज्यादा मिलेगा ।"

अथवा

'वह ऊपर नहीं जायेगा, चलाणा नहीं करेगा । उसे जीने का चस्का पड़ गया है । पहले सारा वक्त हाय-हाय करता रहता था, अब सारा वक्त गाने गाता रहता है ।'

२. निम्नलिखित प्रश्नों के **उत्तर** लिखिए :- ३६

(च) 'वर्तमान समय में व्यक्तिगत जीवन सिमट गया है' कविता 'सुबह हो रही है' के आधार पर समझाइए ।

अथवा

'उस आदमी को देखो' में कवि ने सड़क के माध्यम से क्या बताने का प्रयास किया है ?

[TURN OVER

(छ) 'एकता और सामंजस्य के लिए' – निबंध का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

'अशोक के फूल' में लेखक ने भारतीय संस्कृति का गौरव गान किया है' – युक्तियुक्त उत्तर दीजिए ।

(ज) विपदा से निपटने के लिए निम्न वर्ग किस प्रकार का दृष्टिकोण अपनाता है ? मुआवज़े के आधार पर बताइए ।

अथवा

'मुआवज़े' में गुमाश्ता और सुथरा जैसे तटस्थ पात्रों की भूमिका का आकलन कीजिए ।

३. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए । १२

शीतलहरी में एक बूढ़े की प्रार्थना कविता में बूढ़ा आदमी ईश्वर से क्या प्रार्थना करता है ?

अथवा

मजदूर की मूक प्रार्थनाएं, धर्माडंबरो से किस प्रकार महान है ?

अथवा

'आज व्यावसायिकरण का युग है, इसलिए दंगे जैसी संवेदनशील घटना का भी व्यावसायिकरण हो गया है' – मुआवज़े के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

४. निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखें :- १५

(ट) 'शब्द' कविता का मुख्य प्रतिपाद्य ।

अथवा

'टमाटर बेचने वाली बुढ़िया' की भावनाएँ ।

(ठ) 'मुल्क में अखबारों की' आवश्यकता ।

अथवा

'सिस्टर' शब्द की दिव्यता और विश्वव्यापकता ।

(ड) दंगो के समय शहर में शांति बनाए रखने वाला अग्रणी वर्ग ।

अथवा

मुआवज़े की पात्र योजना ।

५. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए । १०

(अ) शब्द कैसे मरते हैं ?
(ब) बकरियाँ क्यों चीखती-चिल्लाती रही ?
(स) कौन से लोग प्रार्थना नहीं करते ?
(प) सच्ची ईश्वर पूजा क्या है ?
(फ) कौन सी वस्तुएँ धरती से मिले बिना मनोहर नहीं होती ?
(भ) छितवन किसका श्रृंगार है ?
(म) किसकी कृपा से चिंता दूर हो जाती है ?
(य) सुथरा के अनुसार रिश्वतखोरी क्या है ?
(र) दीनू की पत्नी का क्या नाम था ?
(ल) जग्गा चुनाव कहाँ से लड़ने वाला था ?